सार-समाचार

छबड़ा-गुगोर सड़क की मरम्मत की मांग

छबडा (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र प्रेषित कर छबडा से गुगोर तक की सडक का डामरीकरण व मरम्मत करवाए जाने की मांग की। विधायक सिंघवी ने बताया कि छबडा से गुगोर पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिससे लोगो को आवागमन में काफी परेषानी उठानी पड़ रही हैं। प्रतिवर्श की भांति इस वर्श भी नौ फरवरी से गुगोर मेला प्रारंभ हो रहा हैं। वही, सिंघवी ने ग्राम पंचायत गुगोर व छबड़ा क्षेत्र में खराब पडे हैण्डपम्पो की ठीक करवाने की मांग को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को भी पत्र प्रेशित किया हैं। वही, पार्शद नवीन कुमार ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि 9 फरवरी से गुगोर बीजासन माता मेला प्रारंभ होने वाला हैं, जिसमें बडी संख्या में दूर-दूराज सहित स्थानीय दर्शनार्थी आएंगे। मेला प्रारंभ होने पर इस रोड़ पर दर्शनार्थियों की रेलमपेल रहेगी। लेकिन वर्तमान में सड़क जर्जर होने के कारण दर्षनार्थियों को चोट लगने की संभावना हैं। इसलिए जनहित में सड़क का मरम्मत कार्य करवाया जाए।

छबड़ा से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे

छबडा (निसं)। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार छबडा के दर्षनार्थी अयोध्या पहुंचे। दिनेष गौड, एडवोकेट मुकेष षर्मा, सीताराम बैरागी ने बताया कि राम मंदिर दर्शन के लिए कोटा से आस्था स्पेशल ट्रेन गुरुवार रात को सवा दस बजे अयोध्या के लिए रवाना हुई। पहली ट्रेन श्रद्धालुओं से खचाखच रही। बिना प्रचार-प्रसार के लिए अयोध्या की इस स्पेशल ट्रेन की सभी सीटें बुक हो गई थी। इस अवसर पर कोटा जंक्शन पर समारोह आयोजित किया गया। जिसमें रेलवे अधिकारियों के साथ भाजपा व विश्व हिन्दू परिषद, आरएएस, अधिकारियों ने भाग लिया। श्रद्धालु ट्रेन में सवार होने के लिए शाम से ही स्टेशन पहुंचना शुरू हो गए थे। ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म पर लगी लोगों ने भगवान राम के जयकारे लगाए। समारोह के बाद यात्रियों को ट्रेन में बैठाकर रवाना किया गया। गौड़ के अनुसार सरयू में स्नान के बाद षुक्रवार षाम को यहां श्रीराम जन्मभूमि, हनुमान गढ़ी आदि के दर्षन किए।

प्लास्टिक के पाइपों में आग लगी

बूंदी (निसं)। लंकागेट स्थित धाभाइयों के कुंड के पास स्थिति गोदाम के बाहर रखे प्लास्टिक के पाइपों में गुरुवार रात्रि 2.10 बजे अचानक भयंकर आग लग गई। सूचना पर पहुंची नगर परिषद की दमकल ने आग पर काबू पाया। पडोस में रहने वाले ललित कुमार जैन ने बताया कि रात्रि 2.10 बजे पडोसी हेमराज द्वारा आग लगने की सूचना दी गई। बाहर जाकर देखा तो गोदाम के पास रखे प्लास्टिक के पाइपों में भयंकर आग लगी हुई थी, पास ही अन्य चौपहिया वाहन भी खड़े हुए थे। गनीमत रही कि गाड़ियों ने आग नही पकडी और समय रहते उन्हें आग से दूर कर दिया गया। वहीं कोतवाली पुलिस, कंट्रोल रूम ,112 डायल तथा नगर परिषद दमकल को सूचना दी गई। उन्होंने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के पाइप कृष्णा इंटरप्राइजेज लंका गेट के मालिक बाबूलाल यादव के हैं। आग इतनी भयंकर थी कि आग से आसपास के पेड पौधे, विद्युत पोल के तार व पास खडे चौपहिया वाहनों को भी नुकसान हुआ है। वही आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है कि आग लगाई गई है या अज्ञात कारणों से या शार्ट सर्किट से लगी है।

छबड़ा सेमीफाइनल में पहुंची

छबड़ा (निसं)। हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में आज दो मुकाबले हुए जिसमें राघोगढ़ व अलीगंज ने जीत दर्ज की। प्रवक्ता खालिद राणा ने बताया कि पहले मैच में राघोगढ़ और कैप्टन एकेडमी छबडा का मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए राधौगढ़ ने निर्धारित 14 ओवरो में 153 बन रन बनाए। इसके जबाब में कैप्टन एकेडमी 14 ओवर में 85 रन ही बना सकी और राघोगढ़ ने 68 रनों से मैच जीत लिया। दूसरा मैच प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मैच कोटा एसएस और अलीगंज छबडा के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए कोटा एसएस ने निर्धारित 20 ओवरों में 186 रन बनाए। लेकिन जवाब में 187 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए अलीगंज छबडा ने मैच की अंतिम बॉल पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया और सेमी फाइनल में जगह बना । मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मत सिंह सिंघवी, कांग्रेस नेता गोविंद दरबार, अभिभाषक परिषद अध्यक्ष एडवोकेट राजेश भार्गव, पार्शद नवाब उमर मियां आदि रहे।

तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा

छबड़ा (निसं)। कस्बे के धरनावदा रोड पर स्थित कटिखंडी गौशाला में मैन रोड पर दुकानों का निर्माण करने पर चांचौड़ा सरपंच ने विरोध जताते हुए तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत चांचौडा के सरपंच नंदकिशोर गाडरी ने बताया कि कटिखंडी गौषाला ग्राम पंचायत चांचौड़ा के अंतर्गत आती हैं। जिसका निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा करवाया गया हैं। गौषाला समिति द्वारा मनमानीपूर्वक ग्राम पंचायत की सहमति के बिना गौषाला में दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा हैं। सरपंच के अनुसार गौषाला में गायो के लिए पर्याप्त भूमि व चारे की पर्याप्त व्यवस्था होना चाहिए। उन्होने दुकानो का निर्माण कार्य रूकवाए जाने की मांग की हैं। वही, गौषाला अध्यक्ष मनोज राठौर ने बताया कि गौषाला में चारा रखने के लिए गोदाम बनवाया जा रहा हैं। दुकाने बनाने का आरोप निराधार हैं।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर कल

रामगंजमंडी (निसं)। शहर में पहली बार शुद्धि आयुर्वेद संस्था कोटा द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर गायत्री शक्तिपीठ रामगंजमंडी पर आयोजित किया जाएगा।जिसमें नेचरोपैथी,आयुर्वेद,एक्यूप्रेशर, पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा समस्त रोगों के उपचार संबंधित परामर्श दिया जाएगा।गायत्री परिवार तथा आरोग्य भारती के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ डाक्टर लवकेश यादव और लेडी डाक्टर पूजा यादव अपनी टीम सहित सेवाएं देंगे। शिविर 4 फरवरी रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। शुद्धि टीम के पवन शर्मा ने बताया कि हमारे तलवंडी स्थित संस्थान में के सभी कर्मचारियों की विविध असाध्य रोगों का पंचकर्म तथा अनेक थैरिपीज द्वारा उपचार सरकारी खर्च पर किया जाता है साथ ही इंडोर पेशेंट को रहने, खाने-पीने की समस्त सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

बेटी के ब्याह के लिए हाथ उठे

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब पद्मिनी द्वारा रंगबाड़ी रोड स्थित तेजस्विनी बालिका गृह में निवासित बालिका की शादी के उपहार सौंपे गए है। क्लब अध्यक्ष सुषमा बंसल एवं सचिव दीप्ति राजावत ने बताया कि क्लब की ओर से बालिका भारती की शादी के लिए शादी में दिये जाने वाले उपहार जैसे अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, पलंग सहित कई वस्तुएं भेंट की गई है। राजावत ने बताया कि इस अवसर पर क्लब के कई सदस्य साथ रहे। इस अवसर पर बालिका गृह की सचिव मृदुला औदिच्य एवं केयरटेकर प्रभा ने सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि भारती का ब्याह 7 मार्च को निर्धारित हुआ है ऐसे में बिटिया के ब्याह के लिए उपहार मिलने से भारती की शादी तैयारियों में मदद मिल रही है।

गाय बावड़ी में गिरी, इलाज किया

अंता (निसं)। निमडी पाडा अंता में अति प्राचीन बावडी में शुक्रवार को दोपहर में अचानक एक गाय गिर गई। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। नीमडी पाडा निवासी सौरभ सैन ने बताया कि सूचना मिलने पर पशु चिकित्सक को बुलाकर उसकी जांच कर इंजेक्शन लगाया गया । अब उसकी स्थिति में सुधार है। सौरभ सैन ने बताया कि यह बावडी अति प्राचीन है तथा कभी पेयजल आपूर्ति का साधन रहा है। नगर पालिका अंता की देखरेख के अभाव में यह बावडी दुर्दशा का शिकार है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के निवासियों द्वारा नगर पालिका अंता प्रशासन से बावडी का ढकान व रैलिंग लगाने की मांग की है। इसके अभाव में कभी भी छोटे बच्चों के गिरने से हादसा होने की आशंका है।

गल्ले से तीस हजार रुपए चोरी

छबड़ा (निसं)। कस्बे के कसाई मोहल्ले में स्थित मकान में बनी दुकान के गल्ले से एक व्यक्ति 30 हजार की नगदी चुराकर ले गया। पुलिस सूत्रो के अनुसार कसाई मोहल्ला निवासी रईस ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपने मकान में एक दुकान खोल रखी हैं। दो दिन पहले मध्यप्रदेष के गुना जिलें के चांचौड़ा निवासी जीषान पुत्र सराफत मुसलमान उसके घर आया और उसके मकान में रूका और दुकान की पेटी में रखे 30 हजार रूपए चुरा लिए।

कोटा के अनिल काला को राष्ट्रीय रत्न सम्मान मिला

■ साथ ही बॉलीवुड के कुमार शानू, धीरज कुमार, इस्माईल दरबार आदि कई हस्तियों को सम्मान से नवाजा गया

कोटा, (निसं)। पुरूस्कार समारोह के शो मैन का खिताब पाने वाले डॉ. कृष्णा चौहान ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंबई में भव्य रूप से आयोजित "राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2024" के तीसरे सीजन का आयोजन मुम्बई के मेयर हॉल में आयोजित किया गया।

केसीएफ प्रस्तुत इस पुरस्कार समारोह में उन हस्तियों को नवाजा गया जिन्होंने समाज सेवा और मानव सेवा में सराहनीय काम किया है। कृष्णा चौहान फाउंडेशन द्वारा आयोजित अवार्ड समारोह में कई हस्तियां मेंहमान के रूप में मौजूद रही। इस अवसर पर कोटा निवासी अनिल काला को सामाजिक क्षेत्र में किये गये विविध सेवा कार्यो हेतु "राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2024" से सम्मानित किया गया।

साथ ही राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2024 से निर्माता निर्देशक धीरज कुमार, कुमार शानू, हम दिल दे चुके सनम और देवदास जैसी फिल्मों के लिए म्युजिक देने वाले बॉलीवुड के महान संगीतकार इस्माइल दरबार, मेहुल कुमार, दिलीप सेन, अली खान, ऋतु पाठक, सुनील पाल, दीपा नारायण झा, एसीपी संजय पाटिल, बीएन तिवारी, अभिजीत राणे, ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड, विनायक पाटिल, गणेश पचारने, रमेश गोयल, मधु मंगल दास, रंजन कुमार, राजू टांक, कार्तिक चेट्टी, डॉ. अंजली दमनगांवकर, शीरी फरीद, डॉ. एम.डी.पुजारी, डॉ. सुरेश आदि को भी सम्मानित किया गया।

अनिल काला की इस उपलब्धि पर कोटा के प्रबुद्धजनों ने उनके प्रयासों को सराहा व इस अवसर पर अपनी बधाईयां प्रेषित की तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। इस समारोह में उन व्यक्तियों और संगठनों का सम्मान किया गया जिन्होंने कर्तव्य की सीमा से ऊपर उठकर जीवन के अलग अलग क्षेत्र में बेमिसाल प्रदर्शन किया है। अवार्ड समारोह का सीजन 3 बेहद सफल रहा।

कृष्णा चौहान पिछले 20 वर्षो से इंडस्ट्री में कार्य कर रहे है। कोविड काल के दौरान उन्होंने न सिर्फ जरूरतमंदों को राशन वितरित किया बल्कि सबसे बड़ी बात यह रही कि उन्होंने भगवतगीता भी लोगो को भेंट की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जे.डी.बी. कॉलेज का निरीक्षण किया

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जेडीबी कॉलेज का निरीक्षण किया।

कोटा, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के मध्यनजर जेडीबी कॉलेज का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने कॉलेज भवन में बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल एवं अन्य संबंधित व्यवस्थाओं के क्रम में कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। जिला पुलिस अधीक्षक शहर शरद चौधरी, एडीएम प्रशासन भगवत सिंह राठौड़, शहर बृजमोहन बैरवा सहित पीडब्ल्यूडी, नगर निगम एवं अन्य विभागों तथा पुलिस अधिकारी साथ रहे।

आर्ट ऑफ लिविंग पर कार्यशाला का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई प्रथम व द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में आर्ट ऑफ लिविंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आर्ट ऑफ लिविंग पर युथ प्रोग्राम स्टेट कॉर्डीनेटर पारस कोहली के नेतृत्व में कार्यशाला आयोजित की गई। श्री कोहली ने बताया कि विद्यार्थी प्रतिदिन मेडिटेशन करके विभिन्न ध्यान संबंधित समस्याओं का निराकरण कर सकते है। उनके अन्दर आत्महत्या संबंधी बुरे विचार मेडिटेशन से दुर हो जाते है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम व ध्यान करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों के मेडिटेशन से शिक्षण कार्य को रूचिकर बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. रामलक्ष्मण सैनी द्वारा किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सुरेश कुमार मीणा, डॉ. नरेश कुमार नायक एवं डॉ.राजेन्द्र सिंह राजावत, दिपक शर्मा, (फेकल्टी ऑफ युथ प्रोग्राम आर्ट ऑफ लिविंग) एवं एन.एस.एस. युनिट प्रथम व द्वितीय के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में एन.एस.एस.प्रभारी डॉ. रामेत मीणा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

द्वितीय सत्र में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने एन.एस.एस.प्रभारी डॉ. रामलक्ष्मण सैनी एवं डॉ.रामेत मीणा के निर्देशन में कार्यालय सहायक निदेशक के सामने वाले गार्डन एवं पुस्तकालय के पीछे वाले परिसर में श्रमदान किया गया।

शैक्षणिक भ्रमण किया

कोटा, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल मोरक गाँव के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को आई-स्टार्ट नेस्ट कोटा इन्क्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को उद्यमिता के अवसरों के प्रति जागरूक करने के लिए राजस्थान सरकार के आई-स्टार्ट नेस्ट कोटा स्थित इंक्यूबेटर सेंटर ने आयोजन किया। एसीपी (उप निदेशक) इंक्यूबेटर सेंटर, डीओआईटी एंड सी मनोज कुमार मीणा ने विद्यार्थियों को उद्यमिता व्यावसायिक शिक्षा के अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राजस्थान सरकार के प्रयासों की महत्ता बताई। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान आईस्टार्ट नेस्ट कोटा संभाग के इंक्यूबेटर मेंटर कौस्तुभ भट्टाचार्य ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप इंक्यूबेशन के फायदों के बारे में बताया और उन्हें नए आईडिया पर काम करने और उद्यमी बनकर रोजगार उत्पन्न करने के माध्यम से सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया।

पटरी में फ्रैक्चर पाया तो सुपरफास्ट एक्सप्रेस को रुकवाया

■ बाद में ट्रेन को 10 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से निकाला गया

कोटा, (निसं)। कोटा रेल मंडल के तहत आने वाली दिल्ली मुंबई रेल लाईन पर डाउन लाईन की पटरी में फ्रैक्चर होने का मामला सामने आया है। जिस जगह पर ट्रैक टूटा हुआ था वहां से चंद मिनट बाद ही ट्रेन संख्या 12955 मुंबई सेंट्रल-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस गुजरने वाली थी। यह ट्रेन 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा गति से गुजरती है।

हालांकि बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल, कीमैन रामेश्वर मीणा लाइन का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने यह क्रैक पाया। जिसके बाद उन्होंने तुरंत लाल झंडी दिखाकर मुंबई जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस को रुकवाया। करीब आधे घंटे तक ट्रेन को रोका गया।

बाद में रेलवे के उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई जिस पर जूनियर इंजीनियर विजय पांचाल मौके पर पहुंचे। इसके बाद ट्रैक को दुरुस्त करने का काम शुरू हुआ कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारी रोहित मालवीय ने बताया कि सुबह 7.30 के आसपास मुंबई-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर दरा रावठा रोड स्टेशन के बीच में रेलवे ट्रैक पर एक वेल्डिंग क्रेक देखा गया था।

इस क्रेक की रिपोर्ट कीमैन ने की थी। इसके बाद वहां से गुजरने वाली मुंबई जयपुर सुपरफास्ट को रोका गया। बाद में ट्रेन को 10 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से निकाला गया। इसके बाद ट्रैक पर क्रैक को दुरुस्त करने के लिए वेल्डिंग व अन्य काम शुरू किया गया।

जिला स्थापना समिति की बैठक

बूंदी (निसं)। जिला परिषद स्थित कक्ष में शुक्रवार को जिला प्रमुख श्रीमती चंद्रावती कंवर की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला स्थापना समिति के सदस्य सचिव राजपाल सिंह ने बताया कि बैठक में राजकीय प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती 2022 के अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल बोर्ड से सत्यापन एवं प्रशैक्षिक योग्यता सत्यापन उपरांत नियुक्ति/पदस्थापन प्रस्तावों पर विचार विमर्श बाद 16 अध्यापकों को नियुक्ति व 6 अध्यापक स्थाईकरण अनुमोदन किया गया।उन्होंने बताया कि लेवल द्वितीय में 16 अभ्यर्थियों की राज्य के बाहर की शैक्षिणक/प्रशैक्षिणक योग्यता एवं दिव्यांग प्रमाण पत्रों के सत्यापन उपरांत पदस्थापन/नियुक्ति आदेश जारी करने तथा तृतीय श्रेणी 6 अध्यापकों के स्थाईकरण प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

दिल्ली के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी से कोटा पुलिस परेशान

■ कोटा पुलिस ने तीन स्थानीय स्कूलों की जांच की हालांकि मामला यहां का नहीं था

कोटा, (निसं)। दिल्ली के आरकेपुरम स्थित डीपीएस स्कूल को बम से उड़ने की धमकी मिली थी। कुछ शरारती तत्वों ने इस मामले को कोटा के डीपीएस स्कूल से जोड़ दिया। उसके बाद कोटा में हड़कंप मच गया। कुछ शरारती तत्वों ने कोटा के डीपीएस स्कूल से जोड़ दिया।

इसी के चलते आरकेपुरम थाने के लिए यह सिरदर्द बन गया और पुलिस जाप्ते को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। इसके साथ ही तीन जगह पर पुलिस ने यह जांच की है। इसमें मामला कोटा की जगह दिल्ली के निकले हैं। आरकेपुरम थाने के सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार का कहना है कि डीडीपीएस, डीपीएस श्याम नगर और रथकांकरा में जाकर जांच की गई।

जहां उनके अलावा चेतक, सिग्मा और थाने का जाप्ता मौके पर गया था। हालांकि जांच पड़ताल में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। जब पुलिस टीम पहुंची तो स्कूल का स्टाफ और टीचर सकते में आ गए। पहले इस मामले को मॉक ड्रिल समझ गया। हालांकि जब इस मामले की जांच पड़ताल की गई तब कहीं और का निकला।

आरकेपुरम थाना अधिकारी बाबूलाल का कहना है कि कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी थी कि स्कूल को बम से उड़ने की धमकी मिली है। यह जानकारी उच्च अधिकारियों के पास भी पहुंची थी। जहां पर पूरी जांच पड़ताल करने पर मामला गलत निकला है। इस तहकीकात में सामने आया कि दिल्ली के आरकेपुरम स्थित डीपीएस स्कूल को बम से उड़ाने का ईमेल मिला था।

'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' का शुभारंभ

कोटा, (निसं)। जिला स्तरीय पॉलिसी वितरण कार्यक्रम "मेरी पॉलिसी मेरे हाथ" का शुभारम्भ जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम पंचायत ताथेड़ तहसील लाड़पुरा में किया गया, जिसमें 74 पॉलिसियों का वितरण सम्बन्धित कृषकों को किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच ताथेड़ निर्मला नायक, संसूचित बीमा कम्पनी के अतुल कुमार त्रिपाठी जिला प्रबन्धक, विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं संसूचित बीमा कम्पनी के तहसील प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत रबी 2023-24 में पॉलिसी वितरण कार्यक्रम "मेरी पॉलिसी मेरे हाथ" केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार जिले में पॉलिसी वितरण कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर 29 फरवरी तक किया जायेगा।

भा.वि.प. के पदाधिकारियों ने राम लला के दर्शन किए

कोटा, (निसं)। अयोध्या में भगवान श्रीराम के विराजमान होने के बाद अयोध्या में लगातार भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को कोटा से पहली बार करीब 1400 यात्रियों का दल राम नगरी अयोध्या पहुंचा। भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक के नेतृत्व में परिषद के पदाधिकारी अयोध्या पहुंचे।

किशन पाठक ने बताया कि भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को भगवान श्रीराम के दर्शन किए, इसके साथ ही रामगढ़ी में हनुमान जी के दर्शन और सरयू जी के दर्शन लाभ प्राप्त किए। किशन पाठक ने बताया कि अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन कर मन प्रफुल्लित हो गया। 500 साल बाद भगवान रामलला विराजमान होने का यह दृश्य गौरांवित कर गया।

पूरी अयोध्या नगरी राममय हो गई, भगवामय हो गई है। पाठक ने बताया कि पूरा वातावरण को देखकर लग रहा है मानो राम राज्य आ गया, सनातन धर्म का परचम लहरा गया। चारो तरफ भगवान श्रीराम की लीलाओं, उनके उपदेश, उनकी गाथा और उनके जीवन के हर पहलु को यहां दर्शाया गया है। कोटा से यह ट्रेन गुरूवार रात को 10.15 बजे रवाना हुई, शुक्रवार को 2 बजे अयोध्या पहुंची। उसके बाद आस्था ट्रेन के रामभक्तों को दर्शन करवाए गए,

भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों रामलला के दर्शन किए।

उसके बाद सभी ने अयोध्या में अनेक स्थलों को देखा।

प्रांतीय महासचिव पराग टोग्या ने बताया कि शनिवार को अयोध्या नगरी के दर्शन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक बार लोगों को अयोध्या जरुर आना चाहिए। यह दल 3 फरवरी को अयोध्या से रात 11.30 बजे रवाना होगा और उसके बाद अगले दिन 2.45 बजे कोटा पहुंचेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सीताराम गोयल, अशोक वशिष्ठ, ललित टेलर, मुकेश शर्मा, सूर्य प्रकाश बागला, अरविंद गर्ग, सुधीर सक्सेना, पूर्व कुलपति अशोक शर्मा, रुपेश शर्मा, रेणु मिश्र आदि मौजूद थे।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम MANZOOR ALAM से बदलकर नया नाम MANJOOR ALAM QURESHI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मन्ज़ूर आलम कुरैशी पुत्र उस्मान पुलिस चौकी के पीछे छोटा कसाईपाड़ा घंटाघर कोटा

पश्चिम मध्य रेल

खुली ई निविदा सूचना सं. CMSKOTA LP241001 दिनांकः 30.01.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से मु.चि. अधीक्षक मंडल रेल चिकित्सालय पमरे, कोटा में स्थानीय बाजार दवा खरीद के लिए खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा स. एवं कार्य का नामः** निविदा सं. CMS KOTA Lp241001, कोटा रेलवे अस्पताल में मेडिसिन, सर्जिकल एवं कन्जुमेबल की स्थानीय बाजार से 2 वर्ष हेतु खरीद के लिए ई निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रति वर्ष अनुमानित लागत 90 लाख रूपये की दवा की खरीद की जानी है। निविदा जमा होने की अंतिम तिथि 19. 02.2024 को 15:00 बजे तक, **बयाना राशि** (EMD) रू. 180000/-, नोटः- (1) ई निविदा प्रपत्र एवं ई - निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (2) इस निविदा से संबंधित कोई आवश्यक संशोधन यदि जरूरी हुआ तो वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। (2) इस निविदा से संबंधित काई आवश्यक संशोधन यदि जरूरी हुआ तो वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। (3) निविदा डालने से पहले टेंडर दस्तावेजों की कंडीशन एवं शर्ते अवश्य पढ लें।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
मंडल रेल चिकित्सालय, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटा राजस्थान
प्रार्थना पत्र क्रमांक CM 06/2024

मोहम्मद आरिफ पुत्र स्व. श्री मोहम्मद असलम आयु 31 साल जाति मुसलमान निवासी म.नं. 47 गैस गोदाम के पास प्रगति नगर बजरंग नगर पुलिस लाईन कोटा राजस्थान .....प्रार्थी

बनाम

1. पोस्टल लाईफ इंश्योरेंस, अधीक्षक धोलपुर राज. हेड ओफिस नयापुरा कोटा राजस्थान, 2. जीनत आयु 32 वर्ष पुत्री स्व. श्री मोहम्मद असलम निवासी म.नं. 47 गैस गोदाम के पास प्रगति नगर बजरंग नगर पुलिस लाईन कोटा, 3. अफशा आयु 22 वर्ष पुत्री स्व. श्री मोहम्मद असलम निवासी म.नं. 47 गैस गोदाम के पास प्रगति नगर बजरंग नगर पुलिस लाईन कोटा, 4. जनसाधारण ...प्रतिपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 372 भा.उत्तराधिकार अधि.

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी आरिफ हुसेन की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत पेश किया जिसमें अंकित किया गया कि प्रार्थी के पिता मोहम्मद असलम वल्द हाजी फजले रहीम जो कि रेल डाक सेवा जे पी मंडल विभाग कोटा में एम टी एस के पद पर कार्यरत थे, प्रार्थी के पिता ने अपने जीवनकाल में स्वयं के नाम पर प्रतिपक्षी क्रम 1 के यहां संतोष पोस्टल लाईफ बीमा पोलिसी नं. RJ-160047-CS करवाई थी जिसमें नोमिनी के नाम प्रार्थी की माता हलीमा बेगम का नाम नोमिनी में दर्ज था, उक्त बीमा पोलिसी sum. Assured राशि 200,000 रु. Date of ACCEPANCE दिनांक 26.2.2012 व Date of Maturity दिनांक 23.3.2005 है। प्रार्थी के पिता मोहम्मद असलम जी का दिनांक 4.5.2023 को देहान्त हो चुका है तथा माता हलीमा बेगम जो उक्त पोलिसी में नोमिनी भी थी का भी दिनांक 22.1.2023 को देहान्त हो चुका है। प्रार्थी के माता पिता मोहम्मद असलम व माता हलीमा बेगम के वारिसान में प्रार्थी स्वयं व प्रतिपक्षी क्रम 2 व 3 प्रार्थी की बहने है, इनके अलावा अन्य कोई मोहम्मद असलम व हलीमा बेगम के वारिसान नहीं है। प्रार्थी अपने पिता मोहम्मद असलम की उक्त बीमा पोलिसी की राशि प्राप्त करना चाहता है, जिसमें प्रतिपक्षी क्रम 2 व 3 को कोई आपत्ति नहीं है, इसमें किसी प्रकार की आपत्ति हो तो असालतन या वकालतन अपने प्लीडर के माध्यम से दिनांक 12.03.24 को समय 10 AM बजे न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटा में आकर आपत्ति उज्रात पेश करे अन्यथा प्रार्थीया के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अतः यह सूचना पत्र आज दिनांक 08.01.24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

मोहर अदालत

न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायालय कोटा (राज.)

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांकः-ननिकोद/भ.नि.अनु./2024/28886 दिनांकः 31.1.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार जैन पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द जैन निवासी मकान नम्बर 34 पुरानी सब्जीमण्डी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 13-बी वल्लभ नगर विस्तार योजना कोटा क्षेत्रफल 3300 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 13-बी वल्लभ नगर विस्तार योजना कोटा क्षेत्रफल 3300 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल योजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 3804 मंडी कमेटी/61 दिनांक 28.10.1961 से श्री ए.वी. रामानुजम पुत्र श्री वी.अर्वा मधु अंयगर को किया गया। श्री ए.वी. रामानुजम ने उक्त भूखंड का सम्पूर्ण प्रथम तल मय छत के अधिकार के जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.09.1979 से श्रीमती पुष्पा बाई पत्नी श्री माणक चंद को एवं उक्त भूखंड के भूतल का एक भाग क्षेत्रफल 2784 वर्गफुट जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 27.03.1980 से श्री कैलाश चंद पुत्र श्री माणक चंद तथा भूतल का शेष भाग क्षेत्रफल 516 वर्गफुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 27.03.1980 से श्री रमेशचन्द पुत्र श्री माणक चंद को विक्रय कर दिया। श्रीमती पुष्पा बाई ने उक्त भूखंड के क्रय शुदा भाग की वसीयत जर्ये वसीयत नामा दिनांक 27.10.1997 से श्री कैलाश चंद जैन पुत्र श्री माणक चंद जैन के नाम कर दी। श्रीमती पुष्पा बाई का देहावसान दिनांक 31.12.1997 को हो गया। श्री रमेश चन्द जैन ने उक्त भूखंड के भूतल के क्रय शुदा भाग की वसीयत जर्ये वसीयत नामा दिनांक 10.10.2009 से श्री राजेश कुमार जैन पुत्र श्री रमेश चन्द जैन के नाम कर दी। श्री रमेश चन्द जैन का देहावसान दिनांक 19.12.2009 को हो गया। श्री कैलाश चंद जैन ने उक्त भूखंड में से स्वयं के हिस्से व अधिकार की वसीयत जर्ये वसीयत नामा दिनांक 08.08.2018 से श्री राजेश कुमार जैन पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द जैन के नाम कर दी। श्री कैलाश चंद जैन का देहावसान दिनांक 21.04.2019 को हो जाने के उपरांत आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-1231 **विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-31.1.24

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना ट्रांसपोर्ट नगर विस्तार का भूखंड/आवास संख्या 4 मै. आदिनाथ रोड केरियर प्रो. श्री सुशील कुमार जैन पुत्र श्री भागचन्द जैन को आवंटन/नीलामी पत्र दिनांक 30.04.2001 के द्वारा आवंटन किया गया था। अतः उक्त भूखण्ड की विक्रय स्वीकृति जर्ये मुख्तारआम श्री दुलीचन्द अग्रवाल पुत्र स्व. मातादीन अग्रवाल द्वारा नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम विक्रय स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड/आवास संख्या 4 योजना ट्रांसपोर्ट नगर विस्तार की विक्रय स्वीकृति मै. आदिनाथ रोड केरियर प्रो. श्री सुशील कुमार जैन पुत्र श्री भागचन्द जैन जर्ये मुख्तारआम श्री दुलीचन्द अग्रवाल पुत्र स्व. मातादीन अग्रवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2024/1899 **विज्ञप्ति** दिनांकः- 02.02.24

कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 1113 स्वामी विवेकानन्द नगर आवासीय योजना कोटा का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 286 दिनांक 28.12.2022 द्वारा श्री चन्दन दुबे पुत्र श्री जय जय राम दुबे को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्री महेन्द्र जैन पुत्र श्री रतन लाल जैन ने उक्त भूखंड का विक्रय जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 19.07.2023 को श्री रामेश्वर मीणा पुत्र श्री कजोड मल मीणा को विक्रय कर दिया गया है। श्री रामेश्वर मीणा पुत्र श्री कजोड मल मीणा ने उक्त भूखंड का हस्तांतरण स्वयं के नाम करवाने हेतु आवेदन किया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त भूखंड/आवास का हस्तानांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड के स्वामित्व हस्तांतरण की स्वीकृति श्री रामेश्वर मीणा पुत्र श्री कजोड मल मीणा के नाम जारी कर दी जायेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-326 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-1.2.24

नगर विकास न्यास कोटा की योजना मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय का भूखंड/आवास संख्या 574 श्री अरविन्द सिंह राठौड पुत्र श्री दीप सिंह राठौड को आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 10.03.2021 के द्वारा आवंटन किया गया था। श्री अरविन्द सिंह राठौड पुत्र श्री दीप सिंह राठौड द्वारा उक्त आवास जर्ये मुख्तारआम श्री गोविन्द कुमार पुत्र श्री राधाकिशन एवं श्री मनीष पुत्र श्री रामकुमार द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 15.09.2022 द्वारा श्रीमती शकुन्तला जांगिड पुत्र श्री दिनेश कुमार जांगिड को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता श्रीमती शकुन्तला जांगिड पुत्र श्री दिनेश कुमार जांगिड द्वारा उक्त आवास के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 574 योजना मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती शकुन्तला जांगिड पुत्र श्री दिनेश कुमार जांगिड के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-1232 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-1.2.24

नगर विकास न्यास कोटा की योजना श्रीनाथपुरम-ए आवासीय कम व्यवसायिक का भूखंड संख्या 183 श्री नवनीत कुमार जैन पुत्र श्री चांदमल जैन को आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 31.05.2021 के द्वारा आवंटन किया गया था। आवंटी श्री नवनीत कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 04.02.2022 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत श्रीमती रीना जैन पत्नी स्व. श्री नवनीत कुमार जैन द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड अपने एवं अपने नाबालिग बच्चों के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 183 योजना श्रीनाथपुरम-ए आवासीय कम व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्रीमती रीना जैन पत्नी स्व. श्री नवनीत कुमार जैन व देशना जैन व स्तुती जैन एवं स्तवन जैन पुत्र व पुत्री स्व. नवनीत कुमार जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा